दिल्ली पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन

आसनसोल. दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) में बहुप्रतीक्षित मानाभिषेक समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) का आयोजन किया गया. समारोह में सत्र 2016- 17 के दौरान अथक परिश्रम और लगन के द्वारा शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट तथा स्कॉलर बैज देकर सम्मानित किया गया. छात्रों को जागरु क करने के उद्देश्य से वर्षभर शत -प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्रों को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया. बड़ी संख्या में पुरस्कृत छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित थे. दो सौ से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने प्रतिभाशाली छात्रों को प्रमाण-पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया. पुरस्कृत छात्रों को शुभकामनाएं तथा भविष्य में इसी प्रकार उपलब्धियां प्राप्त करने की प्रेरणा दी गयी. पुरस्कार से वंचित छात्रों को भी हतोत्साहित होने की अपेक्षा इससे एक नई सीख लेकर आगामी वर्षों में इस कड़ी का हिस्सा बनने हेतु प्रोत्साहित किया गया. समारोह में अभिभावकों, अध्यापकों तथा छात्रों ने शिरकत की.